ISSN 2454-2695
Volume 01 Issue 07
August 2015

साहित्य संहिता
Available at http://sahityasamhita.org/

अगर यादें मुर्गियां होती

इप्शिता सेनगुप्ता

यह यादें अगर मुर्गियां होती तो बड़ा मज़ा आता | जितनी बार कोई याद हमें याद आती; हम कहते, "भाई, मुर्गी ने अंडा दिया है |" और इसी तरह हर याद की याद एक नए अंडे से जुड़ जाती | यह जो मुर्गी वाली याद होती, वह बड़ी शिद्दत से अण्डों को ताव देती | वक़्त के साथ यह अंडे फूटते | कोई किस्सा बन जाता, कोई कहानी का रूप लेती | कोई गीत, तो कोई ग़ज़ल बनती |

मगर गौर करने की बात यह है जनाब की अगर हर अंडे से चूज़ा निकले तो अंडे खाने वालों का क्या होगा? मुर्गी (हमारी याद) जिन अण्डों को ताव देती है, उनमें से कुछ अण्डों का आमलेट भी बनता है | कुछ की भुर्जी बनती है, कोई उबलता रह जाता है | तो कोई केक बनकर किसी के जन्मदिन पर "हैप्पी बर्थडे टू यू" गाना सुनता है| अरे भाई यह अंडे असल में यादों के टुकड़े होते हैं | जो बस चूज़ों की तरह किस्से, कहानी, गीत, ग़ज़ल नहीं बनते. लेकिन दूर किसी के दिल में अपना घर कर लेते हैं |

अब जनाब ज़रा सोचिये, यह यादें अगर मुर्गियां होती, तो हमारा दिल, दिल नहीं पोल्ट्री फार्म कहलाता | और हम बड़े शौख से उसका नाम रखते – "यादों की कुकुड़कू"

साहित्य संहिता
Available at http://sahityasamhita.org/

ISSN 2454-2695
Volume 01 Issue 07
August 2015

Agar yaadein murgiyaan hoti

Ipshita Sengupta

Yeh yaadein agar murgiyaan hoti toh bada mazaa aata. Jitni bar koi yaad humein yaad aati; hum kehte, “Bhai, murgi ne andaa diya hai.” Aur isi tarah har yaad ki yaad ek naye ande se jud jaati. Yeh jo murgi wali yaad hoti, woh badi shiddat se andon ko taav deti. Waqt ke saath yeh ande phootte. Koi kissa ban jaata, koi kahani ka roop leti. Koi geet, toh koi ghazal banti.

Magar gaur karne ki baat yeh hai janaab ki agar har ande se chooza nikle toh ande khane waalon ka kya hoga? Murgi (humari yaad) jin andon ko taav deti hai, unmein se kuch andon ka omlette bhi banta hai. Kuch ki bhurji banti hai, koi ubalta reh jaata hai. Toh koi cake banker kisi ke janmdin par “happy birthday to you” gaana suntan hai. Arre bhai yeh ande asal mein yaadon ke tukde hote hain. Jo bas choozon ki tarah kisse, kahani, geet, ghazal nahi bante. Lekin duur kisi ke dil mein apna ghar kar lete hai.

Ab janaab zara sochiye. Yeh yaadein agar murgiyaan hoti, toh humara dil, dil nahi poultry farm kehlata. Aur hum bade shaukh se uska naam rakhte- “yaadon ki kukrukoo”.